प्रतिबंधित संचलन

खंड–3 अंक-100 दिनांक–20/09/2018

के. रि. पु. बल ई–संवाद
सेवा एवं निष्ठा

112 बटा. ने झारखण्ड के डाल्टनगंज में ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

माओवादी का लड़का सीएपीएफ में नौकरी चाहता है

डाल्टनगंज– एक माओवादी के बेटे ने कर्मचारी चयन आयोग(एसएससी) के अंतर्गत सिपाही के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन भेजने के लिए सीआरपीएफ की मदद मांगी है। एसएससी ने सीआरपीएफ, बीएसएफ, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल में सिपाही पद की 54,953 रिक्तियों की घोषणा की है।बिकेश बिरिजिया (18), माओवादी सुखियाल बिरिजिया उर्फ अकेला जी का बेटा गारू में 214 बटा. सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट डी.पी. यादव से मिला और उनसे ऑनलाइन आवेदन भेजने का अनुरोध किया। 17 सितम्बर 2018 आवेदन भेजने की अंतिम तिथि है।'' यह जनजातीय लड़का बिना किसी डर या हिचक के हमारे कैंप में पहुंचा। सीआरपीएफ ने एसएससी परीक्षा के बारे में बड़े पैमाने पर विज्ञापन करते हुए योग्य लड़के और लड़कियों को अपना भाग्य आजमाने को कहा है'' श्री यादव ने कहा '' जो भी एसएससी की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं मैंने अपने जवानों को उनकी हर संभव सहायता के लिए कहा है। यह लड़के–लड़कियां गरीब हैं और साईबर कैफे में इनके काफी पैसे खर्च हो जाएंगे।'' 214 बटा. सीआरपीएफ के कमांडेंट ने कहा और साथ में यह भी कहा कि सीआरपीएफ कर्मी उन्हें परीक्षा पास करने के गुर भी सिखा रहे हैं।लातेहार के एस पी प्रशांत आनंद ने कहा '' स्थितियों में बहुत परिवर्तन हुआ है। अब नक्सल परिवारों के लड़के और लड़कियों ने सुरक्षा बलों पर भरोसा करना शुरू कर दिया है और वे मदद मांगने में हिचकिचाते नहीं हैं।''

अखबारों से

RANCHI EXPRESS - 16.09.2018

सीआरपीएफ 22 बटालियन ने चलाया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

संवाददाता

हजारीबाग : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये गये स्वच्छ भारत अभियान के अनुसार 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रत्येक कार्यालयों में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा बाजार समिति परिसर एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग के परिसर में शनिवार को कमाण्डेंट विश्णु गौतम के नेतृत्व में सीआरपीएफ के सभी कार्मिको द्वारा कैंप परिसर एवं आसपास के इलाके में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर 22 बटालियन के जवानों द्वारा स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर श्री गौतम ने बताया कि दुनिया के प्रमुख देश, जिन्हें विकसित देश माना जाता है, उनकी पहचान स्वच्छता से भी होता है, क्योंकि वहां के नागरिक स्वच्छता के प्रति अत्यधिक जागरूक हैं। साथ ही वहां के लोग न तो गंदगी करते हैं और न ही करने देते हैं। हमें भी अपने देश को बदलने के लिए जागरूक होकर मानसिकता बदलने की जरूरत है। इसके बाद कमाण्डेंट की उपस्थिति में बटालियन के सभी अधिकारियों तथा कार्मिकों ने संकल्प लिया गया कि वे जहां भी रहेंगे अपने आस-पास के क्षेत्र की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। साथ ही अपने आप-पास रहने वाले को भी स्वच्छता एवं साफ सफाई के लिए प्रेरित करेंगे।

सीआरपीएफ ने थैलेसीमिया पीड़ित बेबी को लिया गोद, करेंगे रक्त की व्यवस्था

सोनम कुमारी को ब्लड देते सीआरपीएफ के कमांडेंट।

मेदिनीनगर | 134 सीआरपीएफ ने डालटनगंज निवासी अमरेंद्र कुमार की थैलेसीमिया से ग्रसित बेटी सोनम कुमारी को रक्तदान के बाद गोद लिया है । इस संबंध में 134 सीआरपीएफ बटालियन के कमांडेंट अरुण देव शर्मा ने बताया कि दुर्घटना या बीमारी का शिकार हममें से कोई भी हो सकता है। आज हम सभी शिक्षित व सभ्य समाज के नागरिक हैं, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं। हमें सोचना चाहिए कि क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे लोगों को जीवनदान मिल सके। इसी उद्देश्य के लिए सीआरपीएफ ने सोनम को गोद लिया है। उसे हर बार रक्त बटालियन के जवान व अधिकारी देंगे। इस क्रम में 134 वी वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अरविंद त्रिपाठी ने बेबी सोनम को एक यूनिट रक्तदान देकर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की। इस कार्य के लिए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के पलामू इकाई के उपाध्यक्ष राणा अरुण सिंह, कोषाध्यक्ष अमिताभ मिश्र, कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार, रणजीत मिश्र ने सीआरपीएफ के इस कार्य की सराहना की है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी पलामू इकाई ने जिले के आम नागरिकों का संस्थाओं को इस दिशा में आगे आने का आग्रह किया है।